पीटीआई व खेल शिक्षकों को किया जाएगा प्रशिक्षित

भोपाल, 8 जून. खेलो एमपी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एक अभिनव खेल प्रशिक्षण पहल है, जिसमें छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ जीवन में उनकी

संभाग स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

दीर्घकालिक सफलता के लिए आवश्यक मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और संज्ञानात्मक कौशल के विकास पर जोर है.

लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग और पीरामल फाउंडेशन की इस संयुक्त पहल के जरिए 7000 से अधिक शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों पीटीआई और खेल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो छात्रों को जूडो, बैडमिंटन और हॉकी जैसे वैश्विक खेलों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे. संभाग स्तरीय कार्यक्रम 18 अप्रैल को शुरू हुआ और 15 जून को समाप्त होगा. स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक धीरेन्द्र चतुर्वेदी ने इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि हम अपने शिक्षकों को खेलकूद के महत्व के बारे में अवगत कराएंगे. अगर कोई खेल शिक्षक नहीं है तो अन्य विषय के शिक्षकों को खेल प्रभारी बनाया जा सकता है ताकि छात्रों को हर स्कूल में खेलने का अवसर मिल सके. पीरामल फाउंडेशन की निदेशक संगीता ममगाईं ने कहा कि हमें इस पहल के लिए मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा विभाग के साथ साझेदारी करने पर गर्व है. इसके जरिए खेल और शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूल के छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाएगा.